हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 जुलाई 2024



04 विरोध रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम...





07 निजी कंपनी से दान में मिले बीस ऑक्सीजन...






## खबर संक्षेप

### कानूनों की जानकारी देने थानों में होंगे कार्यक्रम

**सीहोर** | एक जुलाई से नए कानूनों के क्रियान्वयन और आमजनों को इन कानूनों की जानकारी देने के लिए सभी थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एसपी मयंक अवस्थी ने बताया कि एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होने जा रहे हैं। नागरिकों को भी इन कानूनों के बारे में जानकारी देने के लिए सभी थानों में एक जुलाई को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हालांकि थानों में पहुंचने वाले प्रत्येक नागरिक को अभी से ही नए कानूनों के बारे में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जानकारी दी जा रही है। बता दें कि पुराने कानूनों के आधार पर विवेचना करते आए अधिकारियों और कर्मचारियों को नए कानूनों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण शालाओं, सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन भी किए गए हैं।

### नवविवाहित ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सीहोर**। महज तीन महीने पहले मार्च में वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने वाली नव विवाहिता ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा दी। नव विवाहिता मंगलेश मीणा की शादी मार्च में गांव भगवानपुर थाना कुरावर जिला राजगढ़ निवासी रामराज मीना से हुई थी। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात्रि उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों को मालूम हुआ तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### वेट लिफ्टिंग टीम का ट्रायल और गठन 3 को

**सीहोर**। जिला वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव सत्यनारायण वारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 3 जुलाई को जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग टीम का ट्रायल के पश्चात गठन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी ही आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगे। इच्छुक खिलाड़ी सुबह ठीक 9 बजे खेल एवं युवक कल्याण विभाग कार्यालय चर्च ग्राउंड पर आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र या 10 वी कक्षा की मार्कशीट लेकर उपस्थित हों।

### आवासीय विद्यालय ने किए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर**। बुदनी के बांसापुर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए केवल अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए कक्षा 7वीं, 8वी, 9वीं एवं कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों की पूर्ति के लिये आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे विद्यार्थी जिन्होने पूर्ण कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अर्जित किये है वह 5 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन विद्यालय में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक जमा किए जाएगें। प्रवेश परीक्षा 10 जुलाई सुबह 10 बजे से 12 बजे के मध्य नवोदय पेटर्न पर आयोजित की जाएगी।

### घर-घर जाकर बच्चों की जांच और बीमारियों की पहचान करें : कलेक्टर प्रवीण सिंह

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में रोपे जाएंगे कई प्रजाति के 200 पौधे

### आगामी 6 माह में रिटायर होने वाले जिले के 250 अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन और स्वत्वों के भुगतान की कार्रवाई के कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी जिला प्रमुखों के विभागवार लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का 81.49 वेटेज स्कोर के साथ निराकरण कर प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को बधाई देते हुए आगामी माह में प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर का प्रथम स्थान बनाए रखने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रयास करने के लिए कहा।

सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी विभाग की 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होनें वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के कार्य तथा वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्षारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर बारिश से कार्य प्रभावित न हो, वहां जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियां जारी रखी जाएं। कलेक्टर सिंह ने प्रधान कालेज ऑफ एक्सीलेंस में कैंपस डेवलपमेंट का कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार भवन की पुताई, गेट, डिजाइन, रंग, साईनेज लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पानी एवं बिजली की अबाधित व्यवस्था, वाटर टैंक, माइनर लैंडस्केपिंग, पौधे एवं एप्रोच रोड वर्क तथा गर्ल्स हाइजीन के लिए इंसिनिरेटर संबंधी कार्य अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को अपने निजि तथा अनुबंधित वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश दिए।

वर्षा ऋतु में गंदगी फैली रहने के कारण बीमारियों की संभावना बनी रहती है। कलेक्टर सिंह ने सभी नगीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर की बेहतर ढंग से साफ-सफाई की जाए तथा नियमित कचरे का निष्पादन किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय क्षेत्रों के नालों की सफाई के भी निर्देश दिए।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण :** टीएल मीटिंग के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी माता के साथ अथवा स्वर्गीय माता की स्मृती में पौधा लगाने का आवाहन किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 3 जुलाई प्रातः 9:30 बजे अपनी माता के साथ अथवा स्वर्गीय माता की स्मृति में कलेक्टर कार्यालय परिसर में पौधरोपण करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपनी माता को अपने कार्यालय का अवलोकन कराने के लिए भी कहा।

**भू-अर्जन एवं मुआवजा वितरण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश :** बैठक में कलेक्टर सिंह ने रेल, नेशनल हाईवे एवं सिंचाई परियोजनाओं सहित अन्य शासकीय कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्रवाई तेजी से की जाए ताकि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके। बैठक में भू अर्जन के प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई कि रामगंज मण्डी रेल लाइन परियोजना के 9 ग्रामों के 342 किसानों को भू-अर्जन की मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। पार्वती परियोजना के 20 ग्रामों के भू-अर्जन के मामले के 1235 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार आष्टा जनपद के अंतर्गत कान्याखेड़ी परियोजना के 4 ग्रामों के 341 किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार बुधनी इंदौर रेल लाइन के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया प्रचलन में है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिन विभागों को शासकीय भूमि आवंटित की गई है उन विभागों के अधिकारी राजस्व रिकार्ड में विभाग के नाम से दर्ज कराएं।

**घर-घर जाकर बच्चों की जांच करें दस्तक दल :** आगामी 27 अगस्त तक दस्तक अभियान के प्रथम चरण का संचालन हो रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाकर बच्चों की जांच करें और बीमारियों की पहचान कर आवश्यक उपचार करें। उन्होंने दस्तक दल को एचबी परीक्षण, एनीमिया चिन्हांकन, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, डायरिया चिन्हांकन एवं प्रबंधन, जन्मजात विकृति चिन्हांकन तथा छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### आगामी छह माह में जिले के 250 अधिकारी-कर्मचारी होंगे रिटायर

बैठक में सिंह ने कहा कि आगामी 6 माह में जिले के 250 अधिकारी-कर्मचारी रिटायर होंगे। उनके रिटायरमेंट की सभी कार्रवाई अभी प्रारंभ कर दी जाए ताकि सेवा निवृत्ति के साथ ही पेंशन भी मिलना प्रारंभ हो जाए। उन्होंने ट्रेजरी आफिसर को निर्देश दिए कि सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सभी क्लेम समय पर मिले। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में नियमों को ध्यान में रखकर ही कार्रवाई की जाए। सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण होना चाहिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम राधेश्याम बघेल, जमील खान, मदन सिंह रघुवंशी, तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे। सभी जनपदों से जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## जिले में 146.5 एमएम औसत बारिश दर्ज



**सीहोर**। जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 7.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 29, मिलीमीटर, श्यामपुर में 805, आष्टा में 12, जावर में 1.2, इछावर में 4, भैरूंदा में 0, बुधनी में 8, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 1 जून से 1 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 146.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 169 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 01 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 220, मिलीमीटर, श्यामपुर में 178, आष्टा में 106, जावर में 126, इछावर में 257, भैरूंदा में 96, बुधनी में 87तथा रेहटी में 102.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## महाविद्यालय चलो अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन



**सीहोर**। कॉलेज चले अभियान के तहत श्री सत्य साईं प्रोद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय पचामा सीहोर में बीएड विभाग के द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवं कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मुकेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष मेवाड़ा द्वारा किया गया। साथ ही विभाग के छात्र-छात्रों ने स्कूल के बाद बच्चों को महाविद्यालय जाने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बी.एड विभाग के डॉ. धीरज शिंदे ने कहा कि स्कूल शिक्षा के बाद महाविद्यालय की पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है जितना की शरीर में हाथों का होना, डॉ.ऋषिकेश यादव ने कहा कि अपने आस-पास के बच्चों को महाविद्यालय में दी जाने वाली शिक्षा के बारे में अवगत कराए और उससे होना वाले लाभ के बारे में हर बच्चे को अवगत कराए ताकि कोई बच्चा छुटे न एवं कार्यक्रम में छात्र-छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विशेष योगदान दिया।

## मांग रहे हैं डीएपी, दे रहे एनपीके, विभाग सिंगल सुपर फास्फेट को बता रहा बेहतर

### खाद की कमी जिले में डीएपी की डिमांड 34 हजार टन, लेकिन मिला 16 हजार टन



**सीहोर**। इस बार समय से पहले मानसून की आमद के कारण क्षेत्र में बोवनी भी अच्छी हो चुकी है। जिले में जहां अब तक 5 इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई है, वहीं कई हिस्सों में 95 फीसदी तक बोवनी हो चुकी है। हालांकि इस बार किसानों को मांग के हिसाब से डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। जिसकी पूर्ति के लिए किसानों को एनपीके दिया जा रहा है। इसमें नुकसान यह है कि एनपीके किसानों को करीब 100 रुपए महंगा मिल रहा है।

अधिकारियों की मानें तो सप्लाई कम आने से ऐसा हो रहा है। जिले में 34 हजार टन डीएपी की डिमांड भेजी गई थी, अभी तक सिर्फ 16 हजार टन ही मिला है। जब किसान सोसायटियों में डीएपी की मांग करता है तो उसे एनपीके ले जाने को कहा जा रहा है। दाम की बात करें तो डीएपी की एक बोरी 1350 रुपए की है। जबकि एनपीके (पोटाश मिला) 1450 में मिल रहा है। वहीं कृषि विभाग का कहना है कि सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करें, जिसकी कीमत 441 रुपए हैं, वहीं जिंकेट 466 रुपए। डीएपी का संकट होना पहली बार नहीं है। किसानों के सामने यह दुविधा है कि वह करें तो क्या करें।

**डीपीए का होगा संकट :** कृषि विभाग के अनुसार इस बार खरीफ फसल के रकबे को देखते हुए 34 हजार टन डीपीए खाद की डिमांड भेजी गई है। है। सूत्रों की मानें तो इस बार पीछे से ही कम खाद आने के आसार है क्योंकि बहुत कम डीपीए खाद आ पा रहा है। इस तरह से अभी तक केवल 16 हजार टन खाद ही उपलब्ध है। बाकी के लिए डिमांड की जाएगी। अब तक किसानों को 27 हजार 860 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण कर दिया है। जिसमें यूरिया 11 हजार 358, डीएपी 10 हजार 943, एसएसपी 3 हजार 705, एमओपी 177, काम्पलेक्स 1677 शामिल है।

**कहां कितनी हो चुकी है बोवनी :** आष्टा 95 फीसदी, इछावर 95 फीसदी, सीहोर 55 फीसदी, बुदनी 50 फीसदी, भैरूंदा 45 फीसदी

**सिंगल सुपर फास्फेट का करना चाहिए उपयोग :** वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमडी व्यास के अनुसार अक्सर किसान बीज के साथ डीएपी को मिलाकर बोवनी करते हैं जो गलत है। ऐसा नहीं करना चाहिए।

इसकी जगह तो सिंगल सुपर फास्फेट और पोटाश को मिलाकर आखिरी बखरनी के समय खेत में मिला देना चाहिए और फिर बोवनी करना चाहिए। जब फसल 8 या 10 दिन की हो तो तो इससे पहले ही यूरिया का छिड़काव कर देना चाहिए। डीएपी की जगह इस खाद का उपयोग ही करना चाहिए।

#### 4 लाख 2 हजार रहेगा खरीफ का रकबा

जिले में खरीफ कुल रकबा 4 लाख 2 हजार हेक्टेयर रखा है। इसमें से 2 लाख 67 हजार 420 हेक्टेयर में बोवनी का काम पूरा हो चुका है। सबसे अधिक सोयाबीन का रकबा है जो 3.36 लाख हेक्टेयर है। पिछले साल इसका रकबा 3.40 लाख हेक्टेयर था। अधिक बारिश और बीमारियों के कारण सोयाबीन का रकबा घटा है। इसकी जगह मक्का और अन्य फसलों ने ले ली है। इस संबंध में कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर केके पांडेय ने बताया कि इस बार बहुत कम समय में काफी बोवनी हो चुकी है। अभी तक 70 से 75 फीसदी बोवनी का काम हो गया है। उन्होंने कहा कि 16 हजार टन डीएपी खाद उपलब्ध है। 34 हजार टन की डिमांड भेजी है लेकिन इस बार हो सकता है कम खाद मिले तो इसकी जगह किसान एनपीके का उपयोग कर सकते हैं।

### सामाजिक संस्था ने पूरे शहर में रखवाए हैं गमले

## कई जगह टूटे पड़े गमले, पौधे भी हुए गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

शहर के सौंदर्यीकरण के लिए एक सामाजिक संस्था संडे सुकून टीम ने पूरे शहर में गमले रखवाएं हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इन गमलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। असामाजिक तत्वों ने इन गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। ये कई जगह टूटे पड़े हैं। भोपाल नाके स्थित पुराने भोपाल-इंदौर हाईवे पर दो गमले क्षतिग्रस्त पड़े हैं। यह कई दिनों से ऐसे ही पड़े हुए हैं। जिनमें से एक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है तो दूसरा रोड के नीचे नाली के पास जर्जर हालत में पड़ा हुआ है। इन गमलों में पौधे भी लगाए गए थे, लेकिन उनमें भी कई को उखाड़ दिया गया है।



ऐसे ही टाउन हाल में कई चीजों को नुकसान पहुंचाया गया है। यहां लोगों के लिए बैठने के लिए रखी कुर्सियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। यहां हर दिन रात में कई लोग घूमने आते हैं और देर तक बैठे रहते हैं। यह गमले भोपाल-इंदौर हाईवे, नदी चौराहा स्थित सीवन नदी पुल और कई स्थानों पर रखवाए गए हैं।

#### कई जगह लगवाए गमले पौधे और क्लास बोर्ड

संडे सुकून की टीम ने शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छ बनाने के लिए सैंकड़ाखेड़ी रोड पर पौधे लगवाएं हैं। जिनको गर्मी में सूखने से बचाने के लिए टैंकर से पानी भी दिया जाता था। वहीं टाउन हाल पर अपना सीहोर का क्लास बोर्ड भी टीम ने ही लगवाया है। ऐसे ही टीम द्वारा कई जगह गमले, पौधे और क्लास बोर्ड लगवाए गए हैं।

**डस्टबिन को भी किया क्षतिग्रस्त :** नपा ने शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए पूरे शहर में डस्टबिन रखवाए है। इन्हें भी लोगों ने नुकसान पहुंचाया है। ऐसे ही नदी चौराहा स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास एक डस्टबिन कई दिनों से नाली में पड़ा हुआ है।

## कांग्रेस ने नर्सिंग घोटाले की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध की कार्रवाई करने की मांग, स्वास्थ्य मंत्री का फूंका पुतला





**सीहोर**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को जिला कांग्रेस सीहोर के द्वारा कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग का पुतला दहन कर महामहीम राज्यपाल के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के द्वारा ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेज की मान्यता सम्बंधी बड़ा घोटाला हुआ है। जिसमें अस्तित्वविहीन नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता एवं नर्सिंग कॉलेज से समबंधित छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलावाड़ किये जाने की घटना विस्तृत रूप से उजागर हुई है। जिसमें मध्य प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। उक्त नर्सिंग घोटाले में प्रदेश के चिकित्सा मंत्री विश्ववास सारंग के कार्यकाल की घटनाऐं उजागर हुई है। जिसके लिये मंत्री श्री सारंग सीधे-सीधे जिम्मेदार है। लेकिन दुर्भाग्य पूर्ण है कि मंत्री विश्वास सारंग आज भी अपने पद पर काबिज हैं। नर्सिंग कॉलेज घोटाला छात्र-छात्राओं के भविष्य को अंधकारमय करने के लिये चिकित्सा शिक्षा विभाग के मुख्य अपर सचिव मो.सुलेमान तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा आयुक्त निशांत बरवड़े सहित कई अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की संलिल्ता उजागर हो रही है।

ऐसी स्थिति में प्रदेश में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों सहित आम जनता में भारी रोष व्याप्त है। मांग की गई है कि प्रदेश में हुए नर्सिंग कॉलेज घोटाले जैसे कलंक की सम्पूर्ण जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जावे एवं जाँच पूर्ण होने से पूर्व प्रथम दृष्टिया अपराध में संलिप्त प्रतीत हो रहे चिकित्सा मंत्री विश्वास सारंग, अपर मुख्य सचिव मो.सुलेमान एवं निशांत बरवड़े को तत्काल निलम्बित कर जाँच करवाई जावे और मंत्री को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त किया जाये जो कि न्यायोचित होगा।

मांग करने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, कैलाश परमार, विष्णु राठौर, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, गणेश तिवारी, राजाराम बड़े भाई, डॉ. अनीस खान, विक्रम मस्तान, जीतेन्द्र सिंह ठाकुर शोभाखेड़ी, कमलसिंह चौहान, राजेश यादव भूरा, विवेक राठौर, घनश्याम यादव, इरफानलाला, मजीद अंसारी, राकेश वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, मुनव्वर मामू, सीताराम भारती, ओम बाबा राठौर, निशांत वर्मा, कपिल उपाध्याय, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, राजकुमार तुलसी राठौर, रामनारायण शर्मा, अरूण राय, रामगोपाल मुकाती, संतोष प्रजापति, रामयण प्रसाद शुक्ला, आसिफ अंसारी, हरीश आर्य, पंकज शर्मा, मुकेश ठाकुर, कमलेश चाण्डक, घनश्याम मीणा, तारा यादव, नवीन सोलंकी, पूरण शाक्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय वृक्ष बरगद के पौधे लगाए

**सीहोर।** देश का राष्ट्रीय वृक्ष बरगद जिसको सभी के द्वारा सम्मान के दृष्टीकोण से देखा जाता है। ऐसा ही उदाहरण मण्डी क्षेत्र में देखने को मिला। जब इस क्षेत्र में काफी समय पुराना बरगद का वृक्ष उखडक़र जमीन पर गिर गया, तब वहाँ क्षेत्रीय जितेंद्र चौरसिया, संदीप राठौर, महंत महेश दास, राजकुमार राठौर, लीला किशन पाटीदार, पंडित बाला प्रसाद शर्मा आदि के द्वारा उक्त वृक्ष की टहनिया काटी और बेल-गाड़ी के माध्यम से मण्डी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, पुलिस लाइन, बालाजी मंदिर, मंडी क्षेत्र, जमुनिया रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया आदि स्थानों पर रोपित किया जा रहा है।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी जरूरी

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना जरूरी किया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मकवाना ने किया पौधरोपण



**भैरुंदा।** नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर और सभी पार्षदगण ने नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश मकवाना के अपना जन्मदिन पौधरोपण कर मनाया। सर्वप्रथम रीतेश मकवाना ने मंदिर में भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर नगर की खुशहाली की कामना की। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर के साथ पार्षद और कार्यकर्ताओं द्वारा रीतेश मकवाना का मालाओं-पुष्पगुच्छ देकर केक काटकर और मिठाइयां बांटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, गौरव शर्मा, महेन्द्र परिहार, कैलाश धावरे, राजेश पावर, महेंद्र जाट, समाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ ने किया जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

# विरोध रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### संपर्क ऐप पर काम नहीं करेंगे अधिकारियों की अभद्रता सहन नहीं करेंगे: ऊषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को जिले भर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी लंबित दस सूत्रीय मांगों लेकर जिला मुख्यालय पर जंगी प्रदर्शन किया। गीता भवन से कलेक्ट्रेट तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध रैली निकाली। अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में धरना देकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर प्रवीण सिंह को दिया। कलेक्टर से महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों की शिकायत करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कहा कि अधिकारियों की अभद्रता अब सहन नहीं करेंगे और संपर्क ऐप पर काम भी नहीं करेंगे। शिशु मातृ मृत्यु दर आकड़े को घटाने के लिए हमने दिनरात मेहनत की है फिर हमें डराया जा रहा है हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा।

अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका महासंघ जिलाध्यक्ष ऊषा राठौर ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत जिले की समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायित और मिनीकार्यकर्ता केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा दिये गये सभी प्रकार के विभागीय कार्यो को पूर्ण निष्ठा से कर रही है अन्य विभागों के कार्य भी हमारे माध्यम से कराये जा रहे है। ऐसा कोई भी योजना या कार्यक्रम नहीं है जिसमें हमारी सहभागिता न हो



किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी के लिए हर विभाग और एजेंसी ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता और ससायिका का उपयोग करते है इस के बाद भी बहनों के साथ सोहाद्रपूर्ण व्यवहार नहीं किया जाता है।

**योजनाओं का नही मिलता है लाभ :** सरकार हमें स्कीम वर्कर बता कर हमारी सुविधाओं का ध्यान नहीं रख रही है दूसरी ओर हमारे ऊपर कार्यवाही के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा सारे शासकीय नियम लागू कर दिए गए है। जिलाध्यक्ष श्रीमति राठौर ने कहा कि हमारे बच्चों को शासन की योजनाओं के लाभ से भी वंचित रखा गया है। हम कहने को नौकरी कर रहे है हमारे काम का समय निर्धारित होने के वाद भी किसी भी समय हमसे कोई भी जानकारी मांगी जाती है और कहीं भी ड्यूटी लगा दी जाती है और जरा सी चूक होने पर सेवा से प्रथक कर दिया जाला है। जबकि आज जो शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर के आँकड़े है उनमै जो कमी आयी है वह हमारी बहनों का प्रयास है कुपोषण पर हमारी बहनें निरंतर प्रयास कर रही है।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ से अनिल शर्मा, वीर सिंह,बीके मिश्रा,जिला अध्यक्ष विनीत दुबे,अनूप चौधरी जिला महामंत्री जिला उपाध्यक्ष कृष्णा परमार,जिला अध्यक्ष उषा राठौर, संजीदा राठौर, प्रीति राठौड़,मेहनाज खान, रजनी विश्वकर्मा, याशिता धीमान, हेमलता राठौर, प्रभा शुक्ला, महादेवी रावत, बबीता बघेल,अनीता ठाकुर, पुष्पा तिवारी, ममता ठाकुर, रानी श्रीवास्तव, नसरीन खान, रंजन नारोलिया, आस्था स्वर्णालता, संध्या चौहान, सीता प्रजापति, मनीष राठौर, सविता गुप्ता, रीता कुशवाहा, भगवती, रेखा, दुर्गा, रामकली, आरती सहित इछावर, भैरूंदा, आष्टा, दोराहा, श्यामपुर, बुधनी, शाहगंज रेहटी जावर मेहतबाड़ा, मैना, अहमदपुर की समस्त मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रही।

## मूंग की खरीदी जल्द और उपज की सीमा बढ़ाने को लेकर दिया ज्ञापन




**बुधनी।** सोमवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से जिला पंचायत सदस्य कमलेश यादव ने कांग्रेसजनों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि मूंग की खरीदी जल्द से जल्द की जाए वहीं उपज की सीमा बढ़ाई जाए।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस बार 15 जून से पूर्व ही मूंग की फसल काट ली गई थी7से8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से मूंग का उत्पादन हुआ है परंतु हाल ही में जारी आदेश के अनुसार तीन क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सीमा निर्धारित की गई है। इस सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए। वहीं मूंग की खरीदी 24 जुलाई से की जाएगी, लेकिन तब तक बारिश के चलते फसल को रखना मुश्किल होगा और इससे लागत भी बढ़ेगी त्वरित रूप से मूंग की खरीदी की जानी चाहिए। किसान खरीदी का इंतजार कर रहे हैं। मूंग उत्पादन करने वाले किसानों ने ई उपार्जन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी करवा रखा है। बारिश का समय होने के कारण फसल को रखने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके चलते किसान औने पौने दामों में मूंग की फसल को बेच रहे हैं, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। अगली फसल की तैयारी के लिए पैसे की व्यवस्था करना आवश्यक है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकार को6क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से मूंग की खरीदी करनी चाहिए यदि हमारी मांगे पूरी नहीं की जाती है तो हम धरना प्रदर्शन करने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से रहटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रेम गुप्ता, मंगल सिंह ठाकुर, विष्णु ठाकुर, चंद्रपाल पटेल,अजय यादव,राजेंद्र यादव, राधे कृष्ण नागर, छगनलाल दुबे, कैलाश यादव, अनिरुद्ध दुबे, राम रघुवंशी, प्रमोद चौहान, भूपेंद्र निमोदा दुष्यंत मालवीय, प्रेम वर्मा साहित अनेक कांग्रेसी और किसान मौजूद रहे।

# तीन नए आपराधिक कानून पहली जुलाई से लागू, पुलिस ने नवीन आपराधिक अधिनियम जन जागरुकता अभियान चलाया

**भैरूंदा।** 1 जुलाई से लागू होने वाली धाराओं के संबध में सीहोर जिले के भैरूंदा के कृषि संगोष्ठी भवन में कार्यक्रम आयोजित कर एसडीओपी दीपक कपूर ने छात्र छात्राओं एवं अन्य लोगो को नई धाराओं के विषय जानकारी दी गई,आपको बता दे की आज से 1860 में बनी आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बनी सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 के इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम में परिवर्तित हो जायेगी।कृषि संगोष्ठी भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के बनाए गए कानून के संबंध में जानकारी दी गई। भैरूंदा न्यायालय उपर सत्र न्याधीश रविन्द्र कुमार शर्मा ने सभी न्यायालय अधिवक्ता छात्र-छात्राओं और नगर के सामाजिक लोगो को तीन नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया इन धाराओं से महिलाओं के प्रति अधिक हितैसी सरल पुलिस सहायता कानून बनाया गया है संगठित अपराध आतंकवाद मावलीचिंग चैन स्कैनिंग आदि में पहली बार स्पष्ट रूप से प्रावधानित कार्रवाई की जाएगी।18 वर्ष से कम उम्र की युवती के साथ गैंगबार संघिन्य जेसे अपराध करने वालों को मृत्युदंड का प्रावधान रहेगा। इस कानून के तहत 14 दिन में न्यायालय को संज्ञान लेना आवश्यक होगा, ट्रायल इन एबसेंशिया का प्रावधान होगा



आरोप मुक्त होने का निवेदन न्यायालय में सात दिवस के भीतर करना होगा मुकदमा समाप्ति के बाद न्यायालय को 45 दिन में निर्णय देना अनिवार्य होगा,वीडियो रिकॉर्ड रिकॉर्डिंग में पीड़ित महिला का बयान कानूनी प्रक्रिया से किया जाएगा,महिला से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने या पहचान छुपा कर विवाह करने पर 10 वर्ष की सजा का प्रावधान होगा, थाना प्रभारी घनस्याम दांगी ने बताया महिलाओं व बच्चों के साथ अपराध होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी, लैंगिक अपराध में महिला पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट पीड़िता के निवास पर माता-पिता की मौजूदगी में लिए जाएंगे,गंभीर अपराध में फोरेंसिक एक्सपर्ट घटनास्थल की जांच करेंगे,किसी भी पुलिस थाने में अब एफआईआर दर्ज की जा सकेगी,घटना स्थल पर वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए मेजिस्ट्रेट को 48 घंटे में घटना संबंधित जानकारी भेजना अनिवार्य होगा, गवाह के बयान वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से की जाएगी, ऐसे कई अपराधिक श्रेणी में आने वाले कृत्य के खिलाफ अलग अलग कानून एवं धाराओं में बदलाब किया गया है जिससे कानून व्यवस्था को नए दंड एवं नियम से निभाया जाएगा। जन जागरुकता अभियान क्रायक्रम में शामिल हुए उपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश रविंद्र कुमार शर्मा, ईशान एडीपी, न्यायालय के सभी अधिवक्ता, एसडीओपी दीपक कपूर, थाना प्रभारी घनस्याम दांगी सहित पुलिस स्टाफ नगर परिषद अध्यक्ष मारूति शिशिर सहित सभी पार्षद मौजूद थे।

## नए अधिनियम को लेकर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**बुधनी।** एक जुलाई से आईपीसी,सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर अब भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किए गए हैं इसे लेकर स्थानीय सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉक्टर वैभव विकास शर्मा एवं व्यवहार न्यायाधीश मिताली पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहेकार्यक्रम में सर्वप्रथम एसडीओपी शशांक गुर्जर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ.वैभव विकास शर्मा ने लागू किया जा रहे नए कानून और और उसमें किए गए परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से आमजन को न्याय मिलने में अब कम समय लगेगा इसी



तरह व्यवहार न्यायाधीश मिताली पाठक ने भी उपस्थित जनों को नए कानून के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई एसडीओपी शशांक गुर्जर ने कहा कि पुराने कानून में कुछ परिवर्तन किए गए हैं जिससे अब आमजन को अपनी शिकायत दर्ज करवाने के लिए ज्यादा परेशानियां नहीं उठाना पड़ेगा थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी ने भी नए कानून को लेकर जानकारी उपलब्ध करवाई इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत,नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय,सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, मंडल अध्यक्ष राजेश पाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष आजाद सिंह राजपूत, एडीपीओ पंकज रघुवंशी, शासकीय अधिवक्ता रामेश्वर यादव, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कैलाश मालवीय, वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश कुमार यादव, सत्येंद्र जाट, मनीष परसाई, सोनू राजपूत, अजय संजय शर्मा, राजेंद्र यादव, सत्येंद्र शर्मा, मनीष बाजपेई, विनोद शिवहरे, अजय यादव, अमीर पटेल, प्रभात भदोरिया, श्रीकांत शर्मा, विनोद शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ससंघ मंगल प्रवेश



**सीहोर।** राष्ट्रीय संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर 108 विद्यासागर महाराज साहब के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री विनम्र सागर महाराज का ससंघ सिध्द पुर नगरी सीहोर मे मंगल प्रवेश हुआ। श्रावक-श्राविकए मुनिश्री का पद पृछालन कर भक्ति भाव से ओतप्रोत हो पद पृछालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सकल जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने बैंड बाजे के साथ भजन-कीर्तन करते हुए शोभायात्रा के रूप में नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली। रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के पद पृछालन व आरती कर धर्म लाभ अर्जित किया। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर छावनी पंहुची जहाँ धर्म सभा में सकल जैन समाज की ओर से दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने श्रीफल भेटकर आशीर्वाद प्राप्त कर मुनिश्री से सीहोर मे चार्तुमास के लिए आग्रह किया। संध्या को गुरु भक्ति भाव में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से ओतप्रोत हो आरती कर भजन-कीर्तन किए।

## पौधरोपण अभियान का हुआ शंखनाद



**सीहोर।** गुरु गोरखनाथ इंटरनेशनल फाउंडेशन के तत्वाधान में योगी गोस्वामी नाथ समाज ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए देशभर में सरकार ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में रविवार को सीहोर में पौधरोपण अभियान का शंखनाद किया गया है। सीहोर शहर के मंडी क्षेत्र वारागो सिटी में गुरु गोरक्षनाथ इंटरनेशनल फाउंडेशन पार्क में 101 पौधे लगाने लगाए गए। इस वर्ष भीषण गर्मी से पूरा मध्य प्रदेश जूझ रहा है हालत यह है कि गर्मी में टेंपरेचर 48 डिग्री तक पहुंच गया क्योंकि मध्य प्रदेश में वृक्ष की कमी होने के कारण हवा वायु गम है और ऑक्सीजन की भी कमी हो रही है। इसी क्रम में सीहोर शहर के समाजसेवी समाज जनों ने अपने व्यय से एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम रखा और इस कार्यक्रम में 101 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सीहोर शहर के सभी समाज के थोक उपस्थित रहे और छोटे बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में बाढ़-चल कर हिस्सा लिया।

आने वाले समय में योगी गोस्वामी नाथ समाज द्वारा और 201 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है जो आने वाले दिनों में यह पौधे संजय नगर स्थित वारागो सिटी के गुरु गोरखनाथ इंटरनेशनल पार्क पार्क में लगाए जाएंगे। समाज के लोगों ने सभी शहर वासियों से अपील की है कि हर व्यक्ति एक पौधा जरूर लगाए।

### ट्रांसफार्मर खराबः 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं।

## नेत्र परीक्षण शिविर में 200 लोगों व विद्यार्थियों ने नेत्रों का परीक्षण कराया

# सक्षम स्थापना दिवस के अवसर पर सक्षम संगठन सीहोर ने किया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्यांगों के हित में कार्य करने वाले राष्ट्रीय संगठन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) संगठन जिला सीहोर मध्य भारत प्रांत द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया । कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर के सभागृह में कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, मुख्य अतिथि समाजसेवी अरुणा सुदेश राय, विशेष अतिथि आर. आर. उईके जिला परियोजना अधिकारी सीहोर, विशेष अतिथि प्रभारी प्राचार्य संतोष सोनी, विशेष अतिथि गणेश शर्मा, प्रदीप साबू के आतिथ्य में संपन्न हुआ।प्रारंभ में सभी अतिथियों द्वारा भारत माता, सूरदास जी एवं अष्टावक्र जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। सक्षम संस्था की कार्यकर्ता कुमारी सगुन मालवीय द्वारा सक्षम गीत को गाया गया। इसके बाद सक्षम जिला उपाध्यक्ष हरि नारायण वर्मा ने सक्षम का परिचय अतिथियों को देते हुए



सक्षम के कार्य उद्देश्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में दिव्यंगो की सहभागीता हेतु सहयोग के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। सक्षम सभी 21 प्रकार की दिव्यांगता के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रिंस राठौर ने दिव्यांग बंधुओ के हितार्थ अपने तथा नगर पालिका की ओर से सहायता करने का संकल्प दोहराया द्य कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि से रूप में अरुणा जी राय ने दिव्यांगो के उत्थान के लिए हर संभव कार्य करने की ज़रूरत एवं सहयोग करने के विषय में बताया व उन्होंने सक्षम के ब्रैंड एम्बेसडर सूरदास जी और अष्टवक्र जी से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी आरआर उईके जी द्वारा दिव्यंगो के अधिकारों के लिये अपना सहयोग देने व संस्था के कार्यों को सराहा । कार्यक्रम का सफल संचालन सक्षम ज़िला सचिव प्रदीप नागिया जी के द्वारा किया गया। ज़िला अध्यक्ष अर्जुन सिंह द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथि और सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार माना एवं दिव्यांगजनों को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाकर एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए अपने योगदान देने की बात कही ।

तत्पश्चात एसएसजी अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर प्रारंभ किया गया जिसमें नगर के लगभग 200 लोगों व विद्यार्थियों ने नेत्रों का परीक्षण कराया। इस अवसर पर सक्षम के जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, जिला सह कोषाध्यक्ष कमल धनगर, जिला कार्यकारिणी सदस्य कमलेश राठौर, जिला कार्यकारिणी सदस्य आर.एस. मकवाना, जिला कार्यकारिणी सदस्य तरुण श्रीवास्तव, डी के राय, नवीन सोनी, मनोज जैन,ज़िला इकाई से प्रेमलता राठौर, नगर प्रीति सोनी, सीमा सक्सेना, अंजना राठौर, अल्का सोलंकी, रानी गौर, दीपिका मालवीय,अन्य कार्यकर्ता, विद्यालय शिक्षक परिवार व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि हमारे पक्षकार BANDHAN BANK LTD, शाखा :- 5, राम नगर चौराहा मोनिका काम्प्लेक्स ए.बी. रोड जिला देवास 455001 (म.प्र.) द्वारा श्री देवेन्द्र कुमार सुराणा एवं हर्ष सुराणा, निवासीगण : आष्टा तहसील आष्टा, जिला सिहोर (म.प्र.), को इनके स्वामित्व व अधिपत्य की संपत्ति नगर आष्टा के संपत्ति नगरपालिका आष्टा म्यु.नं. 02/1 जो वार्ड क्रा.8, सिकन्दर बाजार रोड आष्टा तहसील आष्टा, जिला सिहोर (म.प्र.), अन्दर की और स्थित भवन जिस पर ऋण दिया जाना स्वीकृत हो रहा है। उक्त संपत्ति से सम्बंधित श्रंखलाबध्द असल दस्तावेज जो कि श्री देवेन्द्र कुमार सुराणा एवं हर्ष सुराणा, के पक्ष में विक्रय-पत्र किया गया जिसका पंजीबध्द दस्तावेज क्र. अ-1 ग्रंथ क्रमांक 705 के पृष्ट 6-55 से 60 क्रमांक 602, दिनांक 25/06/2002 चेन रजिस्ट्री असुविधावश कही गुम हो गया है। उक्त दस्तावेज दिनांक 01/06/2024 आष्टा में गिरकर कही गुम गयी जो मिल नही रही है। जिसकी लिखित सुचना श्रीमान थाना प्रभारी महोदय थाना आष्टा तहसील आष्टा, जिला सिहोर (म.प्र.), को दिनांक 27/06/2024, को दे दी गयी है। यह की उक्त संपति पर BANDHAN BANK Ltd से ऋण लिया जा रहा है यदि उक्त प्लाट/मकान/दुकान पर या उक्त वर्णित दस्तावेज पर किसी लिखित या मौखिक माध्यम से किसी भी शासकीय अर्ध-शासकीय संस्था, व्यक्ति/संस्था/सोसायटी आदि का रजिस्टर्ड, अनरजिस्टर्ड ऋण/भार/बोझ मेंटेनेंस/फ़ाइनेंस/प्राइवेट फ़ाइनेंस, जमानत, चार्ज, गिरवी, दान, बक्षीस का भार हो या किसी तरह से हित अधिकार, स्वत्व, सूखाधिकार, दावा/आपत्ति हो या अर्जन कार्यवाही लंबित हो, निगमित निकाय/संस्था व्यक्ति का हित उजर आदि हो तो मय लेखी प्रमाण के हमारे कार्यालय में 07 दिन में लिखित आपत्ति दर्ज करावे। बाद मियाद के किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति, दावा आदि मान्य नही होगी तथा हमारे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी, सौ सूचित हो।

इति दिनांक 01/07/2024

भवदीय कुं. अमृतसिंह राजपूत
(अभिभाषक)
मो. नं. 9977253138
कार्यालय : 17, जवाहर नगर,
ए.बी. रोड, देवास (म.प्र.),

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि हमारे पक्षकार BANDHAN BANK LTD, शाखा :- 5, राम नगर चौराहा मोनिका काम्प्लेक्स ए.बी. रोड जिला देवास 455001 (म.प्र.) द्वारा श्रीमती लता सुराणा पति श्री देवेन्द्र सुराणा, निवासी : जैन मंदिर के पास नजरगंज आष्टा तहसील आष्टा, जिला सिहोर (म.प्र.), को इनके स्वामित्व व अधिपत्य की संपत्ति नगर आष्टा के संपत्ति नगरपालिका आष्टा म्यु.नं. 02 जो वार्ड क्रा.8, सिकन्दर बाजार रोड आष्टा तहसील आष्टा, जिला सिहोर (म.प्र.), अन्दर की और स्थित भवन जिस पर ऋण दिया जाना स्वीकृत हो रहा है। उक्त संपत्ति से सम्बंधित श्रंखलाबध्द असल दस्तावेज जो कि श्रीमती लता सुराणा पति श्री देवेन्द्र सुराणा, के पक्ष में विक्रय-पत्र किया गया जिसका पंजीबध्द दस्तावेज क्र. अ-1 ग्रंथ क्रमांक 705 के पृष्ट 28-33 क्रमांक 596, दिनांक 24/06/2002 चेन रजिस्ट्री असुविधावश कही गुम हो गया है। उक्त दस्तावेज दिनांक 01/06/2024 आष्टा में गिरकर कही गुम गयी जो मिल नही रही है। जिसकी लिखित सुचना श्रीमान थाना प्रभारी महोदय थाना आष्टा तहसील आष्टा, जिला सिहोर (म.प्र.), को दिनांक 27/06/2024, को दे दी गयी है। यह की उक्त संपत्ति पर BANDHAN BANK Ltd से ऋण लिया जा रहा है यदि उक्त प्लाट/मकान/दुकान पर या उक्त वर्णित दस्तावेज पर किसी लिखित या मौखिक माध्यम से किसी भी शासकीय अर्ध-शासकीय संस्था, व्यक्ति/संस्था/सोसायटी आदि का रजिस्टर्ड, अनरजिस्टर्ड ऋण/भार/बोझ मेंटेनेंस/फ़ाइनेंस/प्राइवेट फ़ाइनेंस, जमानत, चार्ज, गिरवी, दान, बक्षीस का भार हो या किसी तरह से हित अधिकार, स्वत्व, सूखाधिकार, दावा/आपत्ति हो या अर्जन कार्यवाही लंबित हो, निगमित निकाय/संस्था व्यक्ति का हित उजर आदि हो तो मय लेखी प्रमाण के हमारे कार्यालय में 07 दिन में लिखित आपत्ति दर्ज करावे। बाद मियाद के किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति, दावा आदि मान्य नही होगी तथा हमारे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी, सौ सूचित हो।

इति दिनांक 01/07/2024

भवदीय कुं. अमृतसिंह राजपूत
(अभिभाषक)
मो. नं. 9977253138
कार्यालय : 17, जवाहर नगर,
ए.बी. रोड, देवास (म.प्र.),

### कोरोना काल में दान में मिली सामग्रियां हो चुकी हैं इधर-उधर

# निजी कंपनी से दान में मिले बीस ऑक्सीजन कंसंटेटर हो गए गायब

*नगरवासियों ने कूलर पंखे ऑक्सीमीटर जैसे सामानों के जांच की उठाई मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कोराना काल जैसी विषम परिस्थिति में हर घंटे में जिला अस्पताल से एक शव निकल रहा था। ऑक्सीजन के एक सिलेन्डर को पाने के लिए कोरोना पेशेंट के परिजन यहां-वहां भटक रहे थे। ऐसी बुरे हालातों में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, कंपनियों द्वारा आगे आते हुए आमजनों हेतु स्वास्थ्य से जुडे अनेक उपकरण, सामान इत्यादि दिल खोलकर दान में दिए थे। लेकिन, दान में मिले उपकरणों, सामानों का ध्यान नहीं रखा गया और अनेक सामान जिला अस्पताल से गायब हो चुके हैं।



30 अप्रैल 2021 को में जानी मानी कंस्ट्रक्शन कंपनी दिलीप बिल्डकॉन के सीईओ देवेंद्र जैन द्वारा भी अपने स्वामित्व के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के जरिए जिला अस्पताल को 20 ऑक्सीजन कन्सन्टेर दान में दिलवाए गए थे। तत्कालीन कलेक्टर नीरज कुमार ने जिला अस्पताल प्रबंधन को सभी उपकरण सौंप दिए थे। वर्तमान स्थिति यह है कि उक्त 20 ऑक्सीजन कन्सटेटर में से अधिकांश गायब हो चुके हैं। अस्पताल प्रबंधन के पास इसका कोई जवाब नहीं है कि उक्त उपकरण कहां चले गए।

#### जांच की उठी मांग

दिलीप बिल्डकॉन के अलावा अनेक सामाजिक, शैक्षणिक, स्वयंसेवी संस्थाओं ने कोरोना काल में अनेकों कूलर, पंखे, ऑक्सीमीटर, नुबुलाईजर सहित अनेकों सामान दान में मिले थे। वर्तमान में यह सब सामान अस्पताल में ढूंढने से भी नहीं मिल रहा है। नगरवासियों द्वारा मांग की जा रही है कि उक्त सभी सामानों की जांच करवाई जाए कि आखिर वे कहां हैं। नगर के लोगों का यह भी आरोप है कि अस्पताल के ही कर्मचारियों ने इन्हें अपने एवं परिजनों के घरों में रखा हुआ है।

#### इनका कहना है...

हमारे षिक्षण संस्थान के डायरेक्टर देवेंद्र जैन के सहयोग से 20 ऑक्सीजन कन्सटेटर अस्पताल को दान में दिया था। जांच करवाई जानी चाहिए कि वे सभी कहां हैं।

**ए. साहा, प्राचार्य**
स्वामी विवेकानंद स्कूल, राजगढ़

## सड़क दुघर्टनाएं रोकने यातायात पुलिस का अभियान, कइयों पर की कार्रवाई

**राजगढ़।** यातायात पुलिस द्वारा सडक दुघर्टनाएं रोकने के लिए वाहन चालकों को समझाईश दी जा रही हैं, वहीं कईयों पर कार्रवाई करने की कार्रवाई भी की जा रही हैं, जिससे आम लोग सुरक्षित रहे सकें। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पिकअप, टैक्टर एवं लोडिंग वाहनों से सवारी ढोने वाले चालकों को समझाईश दी जा रही है एवं उल्लंघनकर्ताओं को न्यायालय में भी पेश किया जा रहा है।

#### 08 पिकअप वाहनों पर कार्रवाई, किया न्यायालय में पेश

जिले में विगत दिनों में गंभीर दुर्घटनाएं घटित हुई है, जिसमें आर्थिक हानि के साथ लोगों को जीवन गवाना पड़ा है। वर्तमान में बारिश के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। जिले में पिकअप एंव लोडिंग वाहनों का उपयोग सवारी परिवहन के रूप में किया जाता है और कई बार दुर्भाग्यवश दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं और इस दौरान कई लोगों की जान चली जाती है। यातायात पुलिस राजगढ़ पिकअप एवं लोडिंग वाहनों पर लगातार कार्यवाही कर रही है।

**वाहन चालकों को दी जा रही समझाइश**



अभियान के दौरान विगत 7 दिवस में कुल 8 पिकअप वाहनों पर न्यायालय कार्रवाई की गई, जिसमें 04 वाहनों पर न्यायालय से 10-10 हजार रुपए का जुर्माना हुआ एवं अन्य चार वाहनों को भी न्यायालय में पेश किया जाएगा।


#### दुर्घटनाओं से बचने की अपील

पुलिस ने आम नागरिकों एवं ग्रामीणों से बारिश के इस मौसम में दुघर्टनाओं से बचने के लिए अपील करते हुए कहा कि बारिश के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस दौरान पुल पर पानी आने की स्थिति में पार करने से बचें एवं दूसरों को भी पार करने से रोकें एवं पिकअप व लोडिंग वाहनों में सवारियों का परिवहन करने से भी बचें।

### नए कानून लागू होने के संबंध में थाने पर बैठक आज

**नरसिंहगढ़।** एक जुलाई से कुछ नए कानून लागू हो रहे है। जिसके संबंध में सोमवार को थाना परिसर में सुबह 11बजे बैठक आयोजित होगी। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इन कानून के संबंध में जानकारी देने के उद्देष्य से बैठक आयोजित की जा रही है।

## टी 20 वर्ल्ड कप मे टीम इंडिया की जीत पर युवाओं ने दिखाया जोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय मंडी क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने टी 20 वर्ल्ड कप फाइनल को लेकर टीम इंडिया के समर्थन में नारे लगाए। ये वहा खिलाड़ी हैं जो कि अपनी फिटनेस का ध्यान रखते हुए जोश जुनून के साथ दो महीने से लगातार क्रिकेट खेलने जाते रहे है। उन्होने शनिवार को बारबाडोस में भारतीय टीम और साउथ अफ्रीका के बीच में फाइनल मैच को लेकर अपने देश और अपनी भारतीय टीम को समर्थन दिया। इन लोगों का यह यह उत्साह देखकर बहुत अच्छा लगा। 17 साल के बाद टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन का खिताब पाकर भारत का नाम रोशन करने पर क्रिकेट प्रेमियो ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए आतिश बाजी की तथा शनिवार रात्रि को ही एक विजय जुलुस निकाला।

## भारत की ऐतिहासिक जीत पर युवाओं ने मनाया जश्न

**जोशीले क्रिकेट प्रेमियों ने निकाली बाइक रैली**



**राजगढ़।** भारत ने इतिहास लगते हुए दूसरी बार टी-20 वल्डकप का फाईनल आखिरकर जीत ही लिया। शनिवार रात्रि हुई इस ऐतिहासिक जीत से उत्साहित युवाओं एवं क्रिकेट प्रेमियों ने रात्रि में ही आतिशबाजी कर बाइक रैली निकालते हुए अपनी खुशियों का इजहार किया। युवाओं ने भारतीय क्रिकेट टीम को सलाम करते हुए भारत जिंदाबाद के नारे लगाए। बाइक रैली के दौरान नगर में भ्रमण करते हुए क्रिकेट प्रेमियों ने तिरंगे को लहराते हुए जीत का जश्न मनाया वहीं एक-दूसरे को मिठाइयां भी खिलाईं। न केवल राजगढ़ बल्कि ब्यावरा, नरसिंहगढ़ सहित अन्य शहरों में भी उत्साहित युवाओं ने खूब पटाखे फोड़े एवं बाइक रैली निकालते हुए भारतीय टीम की होंसला आफजाई की।

#### टी-20 विश्वकप जीतने का जश्न मनाया माचलपुर के युवाओं ने

**माचलपुर।** टी-20 विश्वकप के फाइनल के आखिरी बाल के साथ जैसे ही भारत की जीत हुई पूरे देश के साथ माचलपुर नगर के युवा भी खुशी से झूम उठे। कुछ ही देर में नगर की सड़कों पर उतर चुका था। रात 12 बजे नए शहर की सड़कों से लेकर गलियों तक जगह-जगह लोग जश्न मनाने निकल पड़े। उत्साह से भरे इन युवाओ द्वारा बड़ा बाजार में एलईडी के माध्यम से मैच देखने का इंतजाम किया हुआ था मैच के बीच में उत्साह के साथ ही चिंता की लकीरें भी आ जा रही थी विजय श्री के साथ ही नगर का नजारा देखते ही बनता था युवाओं की टोली तिरंगा हाथ में लिए भारत माता की जय के साथ ढोल की धुन पर नाच रहे थे नगर के लोग देर रात तक अपने घरों से बाहर निकलकर पटाखे फोड़ते और आतिशबाजियां करते दिखाई दिए।

### जनपद अध्यक्ष नागर ने कहा...

## प्रकृति का संतुलन बनाने के लिए शिवाजी पार्क बना प्रेरणा



**सारंगपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा गुलावता मंडल के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एवं प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सांसद रोडमल नागर की विशेष उपस्थिति में गुलावता मंडल के ग्राम ढाकनी के शिवाजी पार्क मे वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर ने कहा सारंगपुर जनपद के छोटे गांव ढाकनी में शिवाजी पार्क के माध्यम से वीर शिवाजी संगठन ने पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहल की है,संगठन की 5 वर्षो की मेहनत आज रंग लाई है,जहां आज की युवा पीढ़ी मोबाइल में व्यस्थ है वही वीर शिवाजी संगठन के बेटा बेटियो ने सतत प्राणवायु अभियान के तहत प्रत्येक रविवार को 2 घंटे शिवाजी पार्क में सेवा कार्य किया और 100 पौधों को छायादार पेड़ बना कर पर्यावरण संरक्षण में विशेष योगदान दिया है। मैं आग्रह करता हू युवाओं से कि वीर शिवाजी संगठन के सदस्यों से प्रेरणा लेकर धरती मां को हरियाली युक्त करने में अपनी भूमिका निभाए।

### गायत्री मंदिर में जिला गोष्ठी का आयोजन

**नरसिंहगढ़।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को गायत्री परिजनों की जिला गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से गायत्री परिजन सम्मिलित हुए। इस मौके पर विषेष रूप से विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा मौजूद रहे। जिन्होने दीप प्रज्जवल के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने सकल विश्व मंगल कामना के लिए गायत्री परिवार मिशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर मंदिर ट्रस्टी भूपेन्द्र मिश्रा ने गोष्ठी के उद्देश्य से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर अन्य रचनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान सूरज उपाध्याय, अमित बंधू समेत गायत्री परिजन मौजूद थे।

## ‘एक पेड़ मां के नाम‘ थीम पर मंदिर में रोपे बिल्वपत्र के पौधे



**राजगढ़।** प्रकृति और पर्यावरण को सहेजने की दिषा में अब सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ ही राजनैतिक दल भी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी राष्ट्रीय आव्हान पर पौधरोपण आरंभ किया है। विभिन्न वार्डों एवं बूथों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं द्वारा पौधे रोपे जा रहे हैं और उन्हें सहेजने का संकल्प लिया जा रहा है। इसी क्रम में बूथ क्रमांक 103 पर रुद्र अवतार हनुमान मंदिर परिवार में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बिल्वपत्र के पौधे रोपे गए। इसके साथ ही नगरवासियों से आग्रह किया गया कि सभी व्यक्ति एक-एक पौधा अवश्य रोपते हुए पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करे। पौधरोपण अवसर पर पार्टी लोकसभा संयोजक दीपेंद्र सिंह चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष साकेत शर्मा ने कहा कि इस समय पूरे विष्व की सबसे बड़ी आवश्यकता आधिकाधिक पौधरोपण की है। हमें भी इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर जगदीश दास, शिवनारायण मौर्य, मोहम्मद शफीक गामा, महेंद्र पुष्पद, कपिल जरिया, इंदिर सिंह गौड़ आदि उपस्थित थे।

## अभियान चलाकर रोपे पौधे संरक्षण का दोहराया संकल्प



**नरसिंहगढ़।** भाजपा संगठन के आह्वान पर स्वच्छता पर्यावरण सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को युमो के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहाड़ी पर पौधरोपण अभियान चलाकर दर्जनो पौधे रौपे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक मोहन शर्मा मौजूद रहे। जिन्होने मंदिर में पूजा अर्चना उपरांत पौधरोपण अभियान के तहत कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस दोरान उन्होने पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यकर्ताओ से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनको वृक्ष बनाने तक की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। इस दौरान पहाड़ी पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी लाइव देखा और सुना। कार्यक्रर्ताओ ने मोदी के अभियान एक पौधा मॉ के नाम का अनुसरण करते हुए अन्य जगहो पर भी पौधा लगाए जाने का संकल्प लिया। इस मौके पर गोपाल खत्री, भरत झंवर, षिव वैध, सत्येन्द्र सिंह राठौड़, रमेश मालवीय, नितेष अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### यातायात में बाधा बनते थे सामान

## राजगढ़ रोड, चौराहा व आरा मशीनों के अतिक्रमण हटवाए



**ब्यावरा।** प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका टीम की संयुक्त अस्थायी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की जद में शनिवार को नगर का राजगढ़ रोड एरिया रहा। नगर की सीमा से लेकर चौराहे तक सीधी कार्रवाई की और समझाइश भी दी गई। साथ ही आरा मशीनों के पीठों पर कार्रवाई भी की गई। दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के आगे किए गए अस्थाइ अतिक्रमण हटावाए गए। टीनशेड हटवाए गए, वहीं चौरहा पर ब्रिज के नीचे संचालित होने वाली दुकानों को भी हटा दिया गया। प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका टीम की इस कार्रवाई के दौरान यातायात में बाधा बनते सामानों को नगर पालिका के वाहन में उठा लिए गए तो कई जगहों पर दुकानदारों ने भी टीम की कार्रवाई को देखकर अपने अपने अस्थायी अतिक्रमणों को हटा लिया गया।

### साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**नरसिंहगढ़।** नगर के प्रमुख श्री जगदीश मंदिर पर भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के धार्मिक आयोजनो की रविवार से शुरुआत हुई। रथयात्रा महोत्सव के पूर्व मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के प्रारंभ में रविवार को नगर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा बाराद्वारी स्थित राधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई जो पाल, थावरिया से होते हुए मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में शामिल सिर पर कलश रख मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा समापन के साथ व्यास पीठ पूजन कर कथा शुभारंभ किया गया। कथा वाचक पंडित ने भागवत कथा प्रसंगो पर व्याख्यान देते हुए व्यक्ति को जीवन में सत्कर्म की और आगे बढ़ने की बात कही। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं और आमजन मौजूद थे।

### एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एम एजाज खान के निर्देशानुसार जिले के सभी मंडलों में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। ब्यावरा मंडल में राजगढ़ रोड स्थित कब्रिस्तान में पौधरोपण कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामनारायण दांगी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री सैयद वकार अली, पार्षद एवं अंजुमन कमेटी सदर इकबाल हुसैन, पार्षद विक्रम जगताप, जिला उपाध्यक्ष भैया भाई, मंडल अध्यक्ष आमिर हुसैन, पूर्व पार्षद खलील भाई, जिला मीडिया प्रभारी कमरूद्दीन खान, अब्दुल अनीस, शादाब अंसारी, राजू भाई बेल्डिंग, रशीद भाई, असलम भाई, निजाम भाई, आबिद अली, अफजल शाह सहित मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वर्णकार समाज का परिचय सम्मेलन हुआ

# 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया, 8 के रिश्ते हो गए तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय निजी गार्डन में रविवार दोपहर स्वर्णकार सोनी समाज द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में लगभग 150 अभिभावकों ने अपने विवाह योग्य बच्चों का पंजीयन करवाया था। सम्मेलन के आरंभ में समाज के आराध्यदेव श्री अजमीढ़जी महाराज का पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरान्त एक-एक कर युवक-युवतियों ने मंच पर पहुंचकर अपना, अपने परिवार का परिचय दिया।

परिचय सम्मेलन के दौरान 8 परिवारों द्वारा युवक-युवतियों को पंसद कर उनके रिष्ते तय किए गए। पूरे दिन चले कार्यक्रम के दौरान परिचय सम्मेलन के साथ ही समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। घोषणा हुई कि अगले वर्ष एक सामुहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित करवाया जाएगा। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की नगर अध्यक्ष के रूप में राजकुमार राजेष सोनी को दायित्व सौंपा गया कि वे सामाजिक आयोजनों को आगे बढ़ाएं और आगे और अच्छा क्या किया जा सकता है, इसको लेकर सभी महिलाओं से परामर्ष लेकर रूपरेखा तैयार करें।

#### 40 होनहार बच्चे हुए सम्मानित

सम्मेलन के दौरान बोर्ड परीक्षाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त करने वाले समाज के लगभग 40 बच्चों को शील्ड, प्रषस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल सोनी, मुकेष सोनी, बनवारी सोनी, सुदर्षन सोनी, मनीष सोनी, संजय सोनी, कुंजबिहारी सोनी, सुरेष सोनी, राजेष सोनी, राजेंद्र कुमार सोनी, दीपक सोनी, राजेंद्र सोनी, गजेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी विनोद सोनी सहित समाज के गणमान्यजन व अन्य उपस्थित थे।

### हर घर में हो एक गोमाता, लक्ष्मी का रूप

## किसान यूनियन पदाधिकारियों का गोमाता पालने का संकल्प



**ब्यावरा।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सदस्य गांव खजूरखाड़ी आश्रम पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ के दर्शनों का पुण्य लाभ अर्जित किया। वही गोमाता के दर्शन किए। इस दौरान किसान यूनियन महाशक्ति के सभी लोगों ने निर्णय लिया कि हर घर में एक गोमाता होनी जरूरी है, क्योंकि जिस घर में गोमाता होती है, वहां माता लक्ष्मी का रूप होता है और जो भगवान भक्त गोमाता पालता है। गोमाता की सेवा करता है, उनका दुख दर्द दूर हो जाता है। आज सभी टीम के सदस्यों ने गोशाला एवं आश्रम के दर्शन लाभ के साथ ही सभी साथियों ने संकल्प लिया कि हम गोमाता की सेवा के लिए अपने-अपने घरों में एक गोमाता को जरूर पालेंगे। अधिकांश सदस्यों के घरों पर तो गोमाता पाली जा रही है, किन्तु जिन भाइयों के घरों में गोमाता नही है, वहां भी होना जरूरी है।

**खबर संक्षेप**

## डॉक्टर्स डे पर किया डॉक्टरों का सम्मान




**आष्टा।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में इनर व्हील क्लब आष्टा द्वारा सिविल अस्पताल में जाकर सभी डॉक्टर का सम्मान किया गया। जिसमें डॉक्टर जीडी सोनी, डॉ अर्चना सोनी मैडम व डॉ अतुल उपाध्याय सहित सभी डॉक्टर मौजूद थे। इनरवियर क्लब के मेंबर्स अध्यक्ष रीना शर्मा, सचिव सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष संगीता सोनी, कोषाध्यक्ष आशा सोनी, एडिटर श्रद्धा पालीवाल व क्लब के अन्य सदस्य पदमा कासलीवाल, विद्या खंडेलवाल चंदा बोहरा, जयश्री शर्मा, दीपिका सोनी आदि सभी मेंबर्स मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मंदाकिनी कासलीवाल ने किया। कार्यक्रम में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आस्था के बच्चे भी मौजूद थे। जिन्होंने भी डॉक्टरों का डॉक्टर डे पर सम्मान किया।

## करंट लगने से बाइक चालक की हुई मौत



**श्यामपुर।** बाइक पर जा रहा युवक अचानक जमीन पर पड़े बिजली के तारों की चपेट में आ गया इस कारण युवक की करंट लगने से मौत हो गई। वही परिजनों ने बिजली कंपनी पर आरोप लगाते हुए जक्का जाम करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार शाबाश खा आत्मज शब्बीर खान उम्र 20 वर्ष निवासी इंमलिया टपपर श्यामपुर बस स्टैंड से अंदर गांव में मोटरसाइकिल से जा रहा था। शमशान के सामने कुए वाली लाइन के तार टूटकर सड़क पर गिर गया। इसकी चपेट में आकर मोटरसाइकिल सहित शाबाश नीचे गिर गया और वहा तार में फैले करंट की चपेट में आ गया। इस कारण मोटरसायकल चाकल की मौके पर ही मौत हो गई। से स्पॉट पर मृत्यु हो गई पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। इसके पश्चात परिजनों व अन्य लोगों द्वारा शव को हाईवे पर रख कर चक्का जाम करने की कोशिश कर रहे थे जिन्हें एमपीईबी के अधिकारियों व पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा आर्थिक मदद की समझाइए दी गई इसके बाद शव को दफन करने के लिए अपने गांव लेकर चले गए।

### नवीन अपराधिक अधिनियम के प्रचार प्रसार को लेकर आयोजित किए गए कार्यक्रम

# न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू, पुलिस ने जनता को बताए नए नियम







### जिले भर में न्याय संहिता, भारतीय, नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की दी गई जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्धिगंज/जावर/श्यामपुर/दोराहा

पुलिस अधीक्षक सीहोर मंयक अवस्थी द्वारा जिले में नवीन अपराधिक अधिनियम के सफल क्रियान्यवयन हेतु निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग और आकाश अमलकर एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना जावर पुलिस द्वारा नवीन अपराधिक अधिनियम के प्रचार प्रसार करने मे सफलता पुर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना जावर पर एक जुलाई को नवीन अपराधिक अधिनियम के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे थाना प्रभारी थाना जावर रामनारायण मालवीय सहित थाना जावर के गणमान्य नागरिक दिनेशचन्द्र बाहेती,ओमप्रकाश दुबै, अकबर सिद्दीकी, बाबुलाल पटेल, कल्याण सिह ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कैशव, जयसिह ठाकुर, कमल सिह पहलवान, अरविंद सिह ठाकुर, शेलेन्द्र ठाकुर, सभी ग्राम सरंपच,सभी ग्राम चौकीदार, और सीएम राईज स्कुल के शिक्षक व छात्र छात्राए, प्रिंस पब्लिक स्कुल के शिक्षक व छात्र छात्राए, नालंदा पब्लिक स्कुल के शिक्षक व छात्र छात्राएं, सरस्वती स्कूल के शिक्षक व छात्र छात्राए,व पत्रकार गण,थाना स्टाफ,व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। थाना प्रभारी जावर रामनारायण मालवीय, डोडी चौकी प्रभारी राजु मखोड,व अन्य गणमान्य नागरिको द्वारा आम जनो व स्कुल के छात्र छात्राओ को नवीन अपराधिक अधिनियम भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय नागरिक सूरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रचार प्रसार के संबंध मे पुराने कानुन के स्थान पर अब नये कानून व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के संबंध मे जानकारी दी गई। कुछ महत्वपुर्ण धाराओ के स्थान पर नई लगने वाली धाराओ से अवगत कराया गया। बाद सम्पुर्ण कार्यक्रम होने उपरांत उपस्थित समस्त नागरिको द्वारा राष्ट्रगान जन गण मन अधिनायक गाया गया । बाद कस्बा जावर मे स्कुल के छात्र छात्राओ व आम नागरिको के माध्यम से नये कानून के प्रचार प्रसार हेतु रैली का आयोजन किया गया।

### श्यामपुर में भी हुए कार्यक्रम आयोजित लोगों को नए कानूनों की दी जानकारी

**श्यामपुर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गितेश गर्ग के निर्देशन में और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में भारत में एक जुलाई से लागू होने वाले भारत के नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में आमजन में प्रचार-प्रसार के संबंध में श्यामपुर पुलिस द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय श्यामपुर में जनजाग्रति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक जुलाई से सम्पूर्ण भारत में नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के अंतर्गत ही कार्रवाई की जाएगी।

नवीन कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम मे थाना परिसर श्यामपुर मे सम्पूर्ण थाना क्षैत्र के गणमान्य नागरिक, नगर सुरक्षा समित के सदस्य तथा पत्रकार बंधु तथा समस्त पुलिस स्टाफ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे भी भारत में संचालित पुराने कानून भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, साक्ष्य अधिनियम अब तक प्रचलन में थे। और पुलिस द्वारा इन पुराने कानुनों के आधार पर ही कार्रवाई की जाती थी। एक जुलाई से सम्पूर्ण भारत में नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के अंतर्गत किए जाने की जानकारी प्रदान की गई है। संपूर्ण कार्यक्रमों मे थाना प्रभारी संध्या मिश्रा समस्त पुलिस बल थाना श्यामपुर द्वारा नये कानूनो के संबंध जन जाग्रित कार्यक्रम को सफल बनाये जाने मे विशेष भूमिका निभाई है ।

### सिद्धि गंज पुलिस ने चलाया जागृति कार्यक्रम

**सिद्धिगंज।** सिद्धिगंज थाना परिसर में बैठक आयोजित हुई जिसमें ग्रामीणों को नए कानून के बारे में थाना प्रभारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सिद्धिगंज पुलिस के द्वारा पुलिस परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण भारी संख्या में एकत्रित हुए। जिन्हें थाना प्रभारी के द्वारा नवीन कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। 2023 में संसद में जो नए कानून बनाए गए थे, वह कानून 1 जुलाई से लागू हो गया है। सिद्धिगंज थाना प्रभारी गोपिद्र सिंह राजपूत ने थाना परिसर में बैठक आयोजित की। जिसमें आसपास क्षेत्र के लोगों को बताया कि जो कानून पहले प्रचलन में थे उनके स्थान पर नए कानूनकी जानकारी देने के लिए जिला लोक अभियोजन देवेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीओ आशीष त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जुलाई से नवीन कानून लागू हो जाएंगे। ग्राम के दीक्षा सोनू गुडवान जनपद अध्यक्ष, महेंद्र सिंह काजले सरपंच, जनपद सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच संघ के अध्यक्ष मान सिंह पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण सिंह ठाकुर, उमरदड़ सरपंच अमर सिंह चौहान, गौरी शंकर वर्मा गांव के पटेल राजेंद्र सिंह ठाकुर एडवोकेट देवेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व सरपंच शांतिलाल मंडलोई, भाजपा नेता पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण वर्मा सहितक्षेत्र के लोगों को जानकारी दी गई।







## अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए बाबा अमरनाथ सेवा मंडल के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वावधान में सोमवार को दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के रेलवे स्टेशन से कश्मीर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए शहर से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ।

करीब 100 सदस्यीय श्रद्धालुओं का दल सोमवार को अध्यक्ष राम भरोस यादव के नेतृत्व में रवाना हुआ। यादव ने बताया कि सोमवार को श्रद्धालु शहर के रेलवे स्टेशन से मालवा ट्रेन से रवाना हुए। सभी श्रद्धालु पहले पहलगांव, चंदन बाड़ी पहुंचकर इस मार्ग से पवित्र बर्फानी शिवलिंग के दर्शन के लिए चढ़ाई शुरू करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह नजर आया। अध्यक्ष यादव ने बताया कि विगत 11 सालों से मंडल के द्वारा श्रद्धालु जत्थे में शामिल होते है और पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते है। लगभग दस दिनों के इस सफर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है। सोमवार को श्री अमरनाथ जी के दर्शन के लिए रवाना हुए सभी यात्रियों का ढोल ढमाकों के साथ पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सनी महाजन, वार्ड पार्षद मुकेश मेवाडा, पार्षद दिलीप राठौड़ श्रद्धालु उपस्थित थे।

## नगर के वार्ड 6 में कीचड़ व गंदगी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶जावर



नगर परिषद जावर के वार्ड 6 की एक कॉलोनी में पक्का रोड नहीं होने के कारण रहवासी कीचड़ से परेशान है। वार्ड वासियो ने बताया की पूर्व में कई बार मांग पत्र नगर परिषद जावर में दिया।

लेकिन कोई समस्या का निराकरण नही किया गया। वार्ड 6 जो थाना परिसर के समीप मुख्य मार्ग अंकित लोधी के मकान से जगन्नाथ सिंह पटेल के मकान तक सीसी रोड निर्माण कराने की मांग पूर्व में कई बार की जा चुकी है। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि कालोनी में जाने वाले रास्ते पर बारहमासी कीचड़ जमा रहता है। जिससे यहां के रहवासियों को आने जाने में कई परेशानियां उठाना पड़ती है। रास्ते में कीचड़ व गंदगी के कारण यहां बीमारियों का डर बना रहता है। इस समस्या को लेकर नगर के जनप्रतिनिधियों को भी कई बार अवगत कराया गया।

लेकिन जनप्रतिनिधियों ने भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। रहवासियो का कहना है की इस रोड का सी सी रोड निर्माण जल्दी किया जाये और जब तक रोड बने तब तक तत्कालीन समस्या के लिये मुरहम डाली जानी चाहिए, ताकि आने जाने में कोई समस्या ना हो अब देखना यह है की खबर के बाद प्रशासन इन वार्ड वासियों की समस्या पर ध्यान देता की नहीं।

### नपा के फायर चालक आशिम अली व लाइनमैन शिवचरण माली हुए सेवानिवृत्त

# सेवानिवृत्त सम्मान पर खुशी और गम होता है: रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶आष्टा



सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां हम अपने काम की जिम्मेदारियों से मुक्त होकर नई पारी की शुरुआत करते हैं। सेवानिवृत्ति एक ऐसा अवसर है जहाँ व्यक्ति को बोलने के लिए शब्दों की कमी पड़ जाती है, क्योंकि उस समय मन में अनेकानेक भावनाएं उमड़ती है। उस समय दोनों ख़ुशी के पल और दुखद क्षण व्यक्ति की आँखों के सामने छा जाते हैं। सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन अपनी सेवा से पृथक हो रहे कर्मचारी के काम या योगदान को पहचानने के लिए किया जाता है।

इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। ज्ञात रहे कि नगरपालिका में वर्षो से सेवा दे रहे फायर वाहन चालक सैय्यद आशिम अली एवं लाईनमेन शिवचरण माली के सेवा निवृत्त होने पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में एवं सीएमओ राजेश सक्सेना की अध्यक्षता में नपा के सभाकक्ष में दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। दोनों कर्मचारियों का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने पुष्पमाला पहनाकर व शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि आज हमें बहुत ही खुशी हो रही है, वहीं मन को गम भी है। खुशी इस बात की है कि परिवार के जुझारू, कर्तव्यपरायण पर पूरी निष्ठा से कार्य करने वाले आशिम अली व शिवचरण माली की सेवानिवृत्त पर उनका स्वागत सम्मान कर विदा दे रहे है, गम यह है कि इन दोनों जैसे कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी बिरलै ही मिलते है। ईश्वर से आपके दीर्घायु, शतायु व निरोगी काया की कामना करता हूं। हमारे नपा परिवार से दो सदस्य कम हुए है, किंतु यह ना समझे कि सेवा निवृत्त हो गए तो कार्यालय आना नही है, जहां जब आपकी आवश्यकता पड़ेगी आपको सेवा देना है। विदाई समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कहा कि नगरपालिका के वरिष्ठ व कनिष्ठ कर्मचारी अलग न समझते हुए इस कार्यालय को अपने घर जैसा समझे व यहां कार्य करने वाले सभी अधिकारी एवं कर्मचारी परिवार की भांति है। सेवानिवृत्ति कर्मचारी की निश्चित व्यवस्था है। सही में यह एक दौर की शुरुआत है। सभी कर्मचारियों को इस दौर से गुजरना होता है। आप दोनों एक सच्चे व जिम्मेदार कर्मचारी रहे सेवानिवृत्ति से उपजी आपकी कमी हमेशा निकाय को खलेगी क्योंकि आपने अपनी जिम्मेदारी का कुशलता से निर्वहन किया।

विदाई समारोह के दौरान आशिम अली एवं शिवचरण माली ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि, सभी कर्मचारी, नागरिक ने कामकाज के दौरान पूरा सहयोग दिया। यह यादें लेकर वे इस निकाय से जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, अतीक कुरैशी, तारा कटारिया, सुभाष नामदेव, उपयंत्री पी.के. साहू, अनिल धुर्वे, सहायक लेखा अधिकारी यश कौशल, लेखापाल अनिरूद्ध नागर, स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, सुभाष सिसौदिया, मोहम्मद इसरार, कमरूद्दीन, नारायणसिंह सोलंकी, सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, जगदीश वर्मा, राजेश दुबे, अजय द्विवेदी, शिवराज अहिरवार, गबू सोनी, सर्वेश भट्नागर, कैलाश घेंघट, शिव यादव, मनोहर विश्वकर्मा, फूलसिंह मालवीय, धरम वर्मा, मदनमोहन शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, रमेश यादव, संजय शर्मा आदि द्वारा दोनों कर्मचारियों का स्वागत कर उन्हें विदाई दी गई।

## अरिहंत पुरम में चातुर्मास हेतु श्रीफल किया भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶आष्टा

आचार्य श्री विनम्र सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य युगल मुनि श्री 108 विनत सागर जी महाराज और श्री मुनिश्री विश्वमित सागर महाराज को शनिवार को श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर अरिहंतपुरम अलीपुर आष्टा में वर्ष 2024 का चातुर्मास का लाभ देने हेतु विनती करते हुए श्रीफल भेंट किया। आष्टा समाज के प्रमुखों सहित अलीपुर मंदिर व्यवस्था समिति व समाज ने पूज्य मुनि श्रीजी को अरिहंत पुरम आष्टा मे चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट कर निवेदन किया गया की का चातुर्मास अरिहंत पुरम मे हो। इस अवसर पर श्री चंद्रप्रभ मंदिर समिति व मुनि सेवा समिति अरिहंत पुरम सहित समाज जन उपस्थित थे।